अध्याय- **1** दिनांक- **6-07-21**

विकास

सार्वजनिक सुविधाएं-

1- हरियाणा में औसत व्यक्ति की आय केरल के औसत आय से अधिक है लेकिन केरल में शिशु मृत्यु दर कम है क्योंकि यहां स्वास्थ्य और शिक्षा की मौलिक सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं |ऐसे राज्य में लोगों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर निश्चित रूप से बेहतर होने की संभावना है |
2- आवश्यक नहीं कि जेब में रखा रुपया वे सब वस्तुएं और सेवाएं खरीद सके , जिनकी आपको एक बेहतर जीवन के लिए आवश्यकता हो सकती है |
उदाहरण-
3- सामान्यतया आपका द्रव्य आपके लिए प्रदूषण मुक्त वातावरण नहीं खरीद सकता या बिना मिलावट की दवाएं आपको नहीं दिला सकता |
4- द्रव्यआपको संक्रामक बीमारियों से भी नहीं बचा सकता |

उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनसंख्या की शैक्षिक उपलब्धि श्रेणी **-**

श्रेणी	पुरुष	महिला
ग्रामीण जनसंख्या की साक्षरता दर	76 %	54%
10 से 14 वर्ष के ग्रामीण बच्चों में साक्षरता दर	90%	87%
10 से 14 वर्ष की आयु के स्कूल जाने वाले ग्रामीण बच्चों का प्रतिशत	85%	82%

मानव विकास रिपोर्ट-

5- यूएनडीपी द्वारा प्रकाशित मानव विकास रिपोर्ट देशों की तुलना लोगों के शैक्षिक स्तर, उनकी स्वास्थ्य स्थिति और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर करती है |

शरीर द्रव्यमान सूचकांक **(BMI)-**

6- कक्षा में प्रत्येक विद्यार्थी अपना भार और ऊंचाई ज्ञात करे | प्रत्येक बच्चे का भार किलोग्राम में लें , फिर बच्चे की ऊंचाई का सही माप सेंटीमीटर में करें | किलोग्राम में व्यक्त भार को ऊंचाई के वर्ग से भाग दें | आपको जो अंक प्राप्त होगा, वही बी. एम.आई. (BMI) कहलाता है |

7- HDI का अर्थ है मानव विकास सूचकांक |
8- प्रति व्यक्ति आय की गणना सभी देशों के लिए डॉलर में की जाती है, ताकि उसकी तुलना की जा सके| यह इस तरीके से भी की जाती है कि $1 किसी भी देश में समान मात्रा में वस्तुएं और सेवाएं खरीद सकें |